राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 189/2023

राजभवन में पश्चिम बंगाल दिवस का आयोजन किया गया

पटना, 20 जून, 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन, बिहार के राजेन्द्र मंडप में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत आयोजित पश्चिम बंगाल के स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस राज्य के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है। स्वतंत्रता संग्राम के अतिरिक्त देश के सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान में बंगाल का बहुत बड़ा योगदान रहा है। वहाँ के साहित्यकारों की हमारी संस्कृति पर गहरा प्रभाव है और उनके साहित्य ने समाज को नई दिशा दी है। राज्यपाल ने बंगालियों की बौद्धिक क्षमता की प्रशंसा करते हुए कहा कि बंगाल जो आज सोचता है, देश उसके बारे में कल सोचता है।

राज्यपाल ने कहा कि हम सभी भारतवासियों की एक ही संस्कृति है, भले ही इसके अलग–अलग रंग हैं, लेकिन सभी का मूल भाव एक ही है। उन्होंने कहा कि जब हम एक रहेंगे तभी श्रेष्ठ बनेंगे, हमें एकत्व का भाव जागृत करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि देश के सभी लोग आपस में भाई और बहन हैं क्योंकि हमारी माता एक है, और वह है हमारी भारत माता। हम कहीं भी रहते हों, हमारा लक्ष्य भारत का विकास करना है। पश्चिम बंगाल के दुर्गापूजा की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यह हर राज्य के लिए उत्सव बन गया है।

राज्यपाल ने कार्यक्रम में भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल की संस्कृति पर आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, बंगाली एशोसिएशन के अध्यक्ष डॉ० कैप्टन दिलीप कुमार सिन्हा, श्री विद्युत पॉल, डॉ० श्रीमती माया भट्टाचार्या, बिहार में रह रहे पश्चिम बंगाल के महानुभावगण एवं उनके परिजन, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....